EGT–G–GST

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–III)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्न संख्या **1** से **10** तक का उत्तर *150* शब्दों में तथा प्रश्न संख्या **11** से **20** तक का उत्तर *250* शब्दों में दें।

प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखें।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दें।

---

# GENERAL STUDIES (PAPER–III)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are TWENTY questions printed both in HINDI and in ENGLISH.

ALL questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Answers to Question Nos. **1** to **10** should be in *150* words, whereas answers to Question Nos. **11** to **20** should be in *250* words.

Word limit in questions should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

RESULT MITRA

1. ''वहनीय (ऐफोर्डेबल), विश्वसनीय, धारणीय तथा आधुनिक ऊर्जा तक पहुँच संधारणीय (सस्टेनबल) विकास लक्ष्यों (एस० डी० जी०) को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है।'' भारत में इस संबंध में हुई प्रगति पर टिप्पणी कीजिए।
(उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

"Access to affordable, reliable, sustainable and modern energy is the *sine qua non* to achieve Sustainable Development Goals (SDGs)." Comment on the progress made in India in this regard. (Answer in *150* words) 10

2. केन्द्रीय बजट, 2018–2019 में दीर्घकालिक पूँजी अभिलाभ कर (एल० सी० जी० टी०) तथा लाभांश वितरण कर (डी० डी० टी०) के संबंध में प्रारंभ किए गए महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों पर टिप्पणी कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Comment on the important changes introduced in respect of the Long-term Capital Gains Tax (LCGT) and Dividend Distribution Tax (DDT) in the Union Budget for 2018–2019. (Answer in *150* words) 10

3. न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम० एस० पी०) से आप क्या समझते हैं? न्यूनतम समर्थन मूल्य कृषकों का निम्न आय फंदे से किस प्रकार बचाव करेगा? (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

What do you mean by Minimum Support Price (MSP)? How will MSP rescue the farmers from the low income trap? (Answer in *150* words) 10

4. फलों, सब्ज़ियों और खाद्य पदार्थों के आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में सुपरबाज़ारों की भूमिका की जाँच कीजिए। वे बिचौलियों की संख्या को किस प्रकार खत्म कर देते हैं? (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Examine the role of supermarkets in supply chain management of fruits, vegetables and food items. How do they eliminate number of intermediaries?
(Answer in *150* words) 10

5. प्रो० सत्येन्द्र नाथ बोस द्वारा किए गए 'बोस-आइन्स्टाइन सांख्यिकी' के कार्य पर चर्चा कीजिए और दर्शाइए कि इसने किस प्रकार भौतिकी के क्षेत्र में क्रांति ला दी थी। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Discuss the work of 'Bose-Einstein Statistics' done by Prof. Satyendra Nath Bose and show how it revolutionized the field of Physics. (Answer in *150* words) 10

6. निरंतर उत्पन्न किए जा रहे फेंके गए ठोस कचरे की विशाल मात्राओं का निस्तारण करने में क्या-क्या बाधाएँ हैं? हम अपने रहने योग्य परिवेश में जमा होते जा रहे जहरीले अपशिष्टों को सुरक्षित रूप से किस प्रकार हटा सकते हैं?
(उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

What are the impediments in disposing the huge quantities of discarded solid wastes which are continuously being generated? How do we remove safely the toxic wastes that have been accumulating in our habitable environment?
(Answer in *150* words) 10

7. आर्द्रभूमि क्या है? आर्द्रभूमि संरक्षण के संदर्भ में 'बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग' की रामसर संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। भारत से रामसर स्थलों के दो उदाहरणों का उद्धरण दीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

What is wetland? Explain the Ramsar concept of 'wise use' in the context of wetland conservation. Cite two examples of Ramsar sites from India.
(Answer in *150* words) 10

RESULT MITRA

**8.** सिक्किम भारत में प्रथम 'जैविक राज्य' है। जैविक राज्य के पारिस्थितिक एवं आर्थिक लाभ क्या-क्या होते हैं? (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Sikkim is the first 'Organic State' in India. What are the ecological and economical benefits of Organic State? (Answer in *150* words) 10

**9.** चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सी० पी० ई० सी०) को चीन की अपेक्षाकृत अधिक विशाल 'एक पट्टी एक सड़क' पहल के एक मूलभूत भाग के रूप में देखा जा रहा है। सी० पी० ई० सी० का एक संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत कीजिए और भारत द्वारा उससे किनारा करने के कारण गिनाइए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

The China-Pakistan Economic Corridor (CPEC) is viewed as a cardinal subset of China's larger 'One Belt One Road' initiative. Give a brief description of CPEC and enumerate the reasons why India has distanced itself from the same. (Answer in *150* words) 10

**10.** वामपंथी उग्रवाद में अधोमुखी प्रवृत्ति दिखाई दे रही है, परंतु अभी भी देश के अनेक भाग इससे प्रभावित हैं। वामपंथी उग्रवाद द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों का विरोध करने के लिए भारत सरकार के दृष्टिकोण को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Left Wing Extremism (LWE) is showing a downward trend, but still affects many parts of the country. Briefly explain the Government of India's approach to counter the challenges posed by LWE. (Answer in *150* words) 10

**11.** भारत में नीति आयोग द्वारा अनुसरण किए जा रहे सिद्धान्त इससे पूर्व के योजना आयोग द्वारा अनुसरित सिद्धान्तों से किस प्रकार भिन्न हैं? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

How are the principles followed by the NITI Aayog different from those followed by the erstwhile Planning Commission in India? (Answer in *250* words) 15

**12.** विश्व व्यापार में संरक्षणवाद और मुद्रा चालबाज़ियों की हाल की परिघटनाएँ भारत की समष्टि-आर्थिक स्थिरता को किस प्रकार से प्रभावित करेंगी? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

How would the recent phenomena of protectionism and currency manipulations in world trade affect macroeconomic stability of India? (Answer in *250* words) 15

**13.** बाग़वानी फार्मों के उत्पादन, उसकी उत्पादकता एवं आय में वृद्धि करने में राष्ट्रीय बाग़वानी मिशन (एन० एच० एम०) की भूमिका का आकलन कीजिए। यह किसानों की आय बढ़ाने में कहाँ तक सफल हुआ है? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Assess the role of National Horticulture Mission (NHM) in boosting the production, productivity and income of horticulture farms. How far has it succeeded in increasing the income of farmers? (Answer in *250* words) 15

**14.** गत वर्षों में कुछ विशेष फसलों पर जोर ने सस्यन पैटर्नों में किस प्रकार परिवर्तन ला दिए हैं? मोटे अनाजों (मिलटों) के उत्पादन और उपभोग पर बल को विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए। (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

How has the emphasis on certain crops brought about changes in cropping patterns in recent past? Elaborate the emphasis on millets production and consumption. (Answer in *250* words) 15

RESULT MITRA

**15.** क्या कारण है कि हमारे देश में जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अत्यधिक सक्रियता है? इस सक्रियता ने बायोफार्मा के क्षेत्र को कैसे लाभ पहुँचाया है? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Why is there so much activity in the field of biotechnology in our country? How has this activity benefitted the field of biopharma? (Answer in *250* words) 15

**16.** ऊर्जा की बढ़ती हुई जरूरतों के परिप्रेक्ष्य में क्या भारत को अपने नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम का विस्तार करना जारी रखना चाहिए? नाभिकीय ऊर्जा से संबंधित तथ्यों एवं भयों की विवेचना कीजिए। (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

With growing energy needs should India keep on expanding its nuclear energy programme? Discuss the facts and fears associated with nuclear energy. (Answer in *250* words) 15

**17.** भारत में जैव विविधता किस प्रकार अलग-अलग पाई जाती है? वनस्पतिजात और प्राणिजात के संरक्षण में जैव विविधता अधिनियम, 2002 किस प्रकार सहायक है? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

How does biodiversity vary in India? How is the Biological Diversity Act, 2002 helpful in conservation of flora and fauna? (Answer in *250* words) 15

**18.** भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डी॰ आर॰ आर॰) के लिए 'सेंडाई आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रारूप (2015–2030)' हस्ताक्षरित करने से पूर्व एवं उसके पश्चात् किए गए विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए। यह प्रारूप 'ह्योगो कार्रवाई प्रारूप, 2005' से किस प्रकार भिन्न है? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Describe various measures taken in India for Disaster Risk Reduction (DRR) before and after signing 'Sendai Framework for DRR (2015–2030)'. How is this framework different from 'Hyogo Framework for Action, 2005'? (Answer in *250* words) 15

**19.** अंकीयकृत (डिजिटाइज़्ड) दुनिया में बढ़ते हुए साइबर अपराधों के कारण डाटा सुरक्षा का महत्त्व बहुत बढ़ गया है। जस्टिस बी॰ एन॰ श्रीकृष्णा समिति रिपोर्ट में डाटा की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर सोच-विचार किया गया है। आपके विचार में साइबर स्पेस में निजी डाटा की सुरक्षा से संबंधित इस रिपोर्ट की खूबियाँ और खामियाँ क्या-क्या हैं? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Data security has assumed significant importance in the digitized world due to rising cyber crimes. The Justice B. N. Srikrishna Committee Report addresses issues related to data security. What, in your view, are the strengths and weaknesses of the Report relating to protection of personal data in cyber space? (Answer in *250* words) 15

**20.** संसार के दो सबसे बड़े अवैध अफ़ीम उगाने वाले राज्यों से भारत की निकटता ने भारत की आंतरिक सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है। नशीली दवाओं के अवैध व्यापार एवं बंदूक बेचने, गुपचुप धन विदेश भेजने और मानव तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों के बीच कड़ियों को स्पष्ट कीजिए। इन गतिविधियों को रोकने के लिए क्या-क्या प्रतिरोधी उपाय किए जाने चाहिए? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

India's proximity to two of the world's biggest illicit opium-growing states has enhanced her internal security concerns. Explain the linkages between drug trafficking and other illicit activities such as gunrunning, money laundering and human trafficking. What counter-measures should be taken to prevent the same? (Answer in *250* words) 15

* * *

RESULT MITRA